आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 27.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद की नौवीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई। श्री मोदी ने कहा– विकसित भारत @2047 का लक्ष्य प्राप्त करने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।
- केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने देहरादून में बजट 2023–24 के संबंध में आयोजित चर्चा में कहा– इस साल के केंद्रीय बजट ने विकसित भारत की नींव रख दी है।
- प्रधानमंत्री कल मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में अपने विचार साझा करेंगे।
- राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश से कुछ स्थानों पर सामान्य जन जीवन प्रभावित।

नीति आयोग शासी परिषद बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत@2047 प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है। नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुडे होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी और भू–राजनीति तथा अवसरों के लिए परिवर्तन का दशक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाकर अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति का माध्यम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत@2047 के सपनों को सभी राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य, विकसित भारत बनाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि भारत एक युवा देश है। यह अपने कार्यबल के कारण पूरे विश्व के लिए आकर्षण बना हुआ है। इसका उद्देश्य युवाओं को कुशल और रोजगारपरक कार्यबल बनाना है।
नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की गई। नीति आयोग के अध्यक्ष श्री मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, पदेन सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और विशेष आमंत्रित सदस्य तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी तथा सदस्य भागीदारी की।

बजट पर चर्चा–देहरादून

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज देहरादून में केन्द्रीय बजट 2024–25 पर चर्चा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय मौजूद रहे। श्री राय ने कहा कि केंद्र सरकार के इस वर्ष के बजट ने विकसित भारत की नींव रख दी है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की योजना पर आधारित मोदी सरकार का यह बजट गरीब, युवा, किसान व महिलाओं की तरक्की और खुशहाली के साथ देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा। मीडिया के साथ बातचीत में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में उत्तराखंड, देशभर में जाना जाता है। उत्तराखंड आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन का केंद्र है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड वैश्विक पर्यटन क्षितिज पर भारत को बढ़ाने का कार्य करेगा। वर्ष 2024–25 के केंद्रीय बजट से उत्तराखंड के विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट आर्थिक, औद्योगिक, पर्यटन और कृषि क्षेत्र में देश के साथ उत्तराखंड की स्थिति को और मजबूत करेगा। बजट के तहत राज्यों द्वारा पूंजीगत व्यय के लिए मुफ्त ऋण का लाभ उत्तराखंड को मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट में 598 करोड़ का फंड पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ कृषि परियोजना के लिए आवंटित किया है, जिससे उत्तराखंड के किसानों को काफी मदद मिलेगी।
केंद्रीय बजट 2024 में वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में भारत की स्थिति को बढ़ाने के उपाय शामिल हैं, जिससे प्रदेश को काफी फायदा होगा। श्री राय ने कहा कि पीएम–स्वनिधि योजना में अतिरिक्त कवरेज से देहरादून और हरिद्वार जैसे शहरी केंद्रों को मदद मिलेगी। इससे राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से गरीबी कम करने में मदद मिलेगी और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यान्वयन को बढ़ावा मिलेगा। इस मिशन से उत्तराखंड की महिलाओं को स्वरोजगार और कुशल रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया उत्तराखंड में अभूतपूर्व गति से राजमार्ग निर्माण और विस्तार हो रहा है। वर्ष 2022 से 2024 तक राज्य में विभिन्न परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 7 हजार 764 करोड़ जारी किए गए हैं।

दीक्षांत समारोह

भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान, आई०आई०टी रुड़की के 24 वें दीक्षांत समारोह में आज 2 हजार 5 सौ 13 छात्रों को उपाधियां प्रदान की गई। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के०के पंत ने बताया कि इस वर्ष के दीक्षांत समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण स्नातक छात्राओं के अनुपात में उल्लेखनीय वृद्धि होना है, जो लैंगिक विविधता और समावेश के प्रति आईआईटी रुड़की की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रतिबद्धता 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करना है।

शपथ

मंलगौर और बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में जीते कांग्रेस के दो नये विधायकों ने आज विधानसभा की शपथ ली। हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी मोहम्मद निजामुद्दीन और चमोली जिले की बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला ने उपचुनाव में जीत हासिल की थी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के इस मासिक कार्यक्रम की 112वीं कडी है। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी.डी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय में इसकी सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

मौसम

उत्तराखण्ड के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश के कारण राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के चलते कई मोटर मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हो रहे हैं। टिहरी जिले के भिलंगना विकासखण्ड के तोली गांव में भारी बारिश के कारण एक मकान के ढहने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, उत्तराकशी जिले में गंगोत्री धाम में गंगा का जलस्तर भगीरथ शिला तक बढ़ने से आसपास की दुकान खाली करवाई गई। रुद्रप्रयाग जिले में अलकनंदा और मंदाकिनी नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। चमोली जिले में हो रही मूसलाधार बारिश से बद्रीनाथ हाइवे विभिन्न स्थानों पर आवाजाही के लिए बाधित हो रहा है। मार्ग को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक मशीने मौके पर मौजूद हैं। उधर, इस बीच, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी राज्य में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में हो रही भारी बारिश के चलते जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों के संबंधित अधिकारियों से वे लगातार संपर्क में हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को एसडीआरएफ, एनडीआरफ और अन्य बचाव दलों से समन्वय बनाते हुए हर समय सतर्क रहने को कहा गया है।

आपूर्ति रोक

इधर, भारी बारिश से हरिद्वार में गंगा नदी में सिल्ट आने से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने गंग नहर में पानी की आपूर्ति रोक दी है। सिल्ट को रोकने के लिए सिंचाई विभाग ने नहर में जल के प्रवाह को बेहद कम कर दिया है। इससे हरकी पैड़ी और उससे संबंधित सभी गंगा घाटों पर पानी बेहद कम हो गया है।

असम राइफल्स–महानिदेशक

भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल रैंक पर तैनात विकास लखेड़ा असम राइफल्स के नए महानिदेशक होंगे। केंद्र सरकार ने इसके आदेश जारी कर दिये हैं। 55 वर्षीय जनरल लखेड़ा पहली अगस्त को असम राइफल्स के महानिदेशक की कमान संभालेंगे। लेफ्टिनेट जनरल टी.पी.एस रावत के बाद वह दूसरे उत्तराखंडी हैं, जिन्हें असम राइफल्स की कमान मिली है। लेफ्टिनेंट जनरल लखेड़ा मूलरूप से टिहरी गढ़वाल के खास पट्टी के जखंड गांव के निवासी हैं।

आवाजाही शुरू

चमोली जिले के देवाल क्षेत्र के दूरस्थ वाण गांव में भारी बारिश के चलते बहे कच्चे पुल को ग्रामीणों ने आज दोबारा बनाकर आवाजाही शुरू कर दी है। साकुलीगाड गधेरे में ग्रामीणों की ओर से बनाया गया पुल 25 जुलाई को भारी बारिश के कारण बह गया था। इसके कारण ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को स्कूल जाने के लिए पांच किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। आवाजाही की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने शनिवार को श्रमदान कर लकड़ी का वैकल्पिक कच्चा पुल तैयार कर दिया है।

प्रशिक्षण संपन्न

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पिथौरागढ़ के कृषि विज्ञान केंद्र में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गार्डन कीपर यानी माली का 27 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हो गया है। प्रशिक्षण में जिले के विभिनन गांवों से आए 25 किसानों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को तरह–तरह की क्यारी बनाना, बीज की पहचान, बीज की बुवाई, कलम बनाना, ग्राफटिंग, बडिंग, मृदा जाँच के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को मृदा, बीज और पौध के उपचार का प्रशिक्षण भी दिया गया।

निरीक्षण

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी विनीत तोमर ने आज सोमेश्वर में निर्माणाधीन उपजिला चिकित्सालय और अतिरिक्त प्राथमिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को दवाओं का रिकॉर्ड समुचित ढंग से रखने और आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के मरीजों को रेफर न किया जाएं। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ कुशल व्यवहार रखा जाए और उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग करते हुए ओपीडी बढ़ाने के लिए सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

प्रशिक्षण

ग्रामीणों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए रूद्रप्रयाग जिले के जखोली विकास खंड के ग्राम पंचायत जवाडी में ग्रामीणों को अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक के०एस रावत ने बताया कि सोमवार से शुरू रहा यह प्रशिक्षण दस दिवसीय होगा।